भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

श्री अनिल कुमार गुप्ता ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में सदस्य (योजना) का पदभार संभाला

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर, 2024: श्री अनिल कुमार गुप्ता ने 9 अक्तूबर , 2024 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बोर्ड में सदस्य (योजना) का पदभार ग्रहण किया ।

श्री अनिल कुमार गुप्ता को नागर विमानन क्षेत्र में विविध पदों पर कार्य करने का समृद्ध अनुभव है, उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। इस पद पर आने से पहले, उन्होंने कार्यपालक निदेशक (भूमि प्रबंधन और व्यवसाय विकास) और कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय संपर्कता योजना) के रूप में कार्य किया है। उन्हें नागपुर में मल्टी मॉडल इंटरनेशनल कार्गो हब और एयरपोर्ट (मिहॉन) के बोर्ड में निदेशक के रूप में भी नामित किया गया है।

श्री अनिल कुमार गुप्ता के पास सिविल इंजीनियर के रूप में 35 वर्षों का अनुभव है और उन्होंने विभिन्न स्तरों/हवाई अड्डों पर विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं जैसे कोलकाता हवाई अड्डा आधुनिकीकरण परियोजना और जयपुर हवाई अड्डा आधुनिकीकरण परियोजना (प्रथम स्टील और ग्लास हवाई अड्डा भवन में से एक) का क्रियान्वयन और प्रबंधन का नेतृत्व किया है, ।

भाविप्रा के व्यवसाय विकास इकाई के प्रमुख संस्थापक के रूप में, उन्होंने भाविप्रा को अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में विभिन्न प्रकार से प्रस्तुत करने में कार्य किया। व्यवसाय विकास इकाई में उनके कार्यकाल के दौरान, एकीकृत वाणिज्यिक के साथ बहु-स्तरीय कार पार्किंग (एमएलसीपी) की संकल्पना को डीबीओएमटी मॉडल पर लागू किया गया और ओपन एक्सेस एविएशन फ्यूल फार्म की पहली परियोजना तैयार की गई और उसे लागू किया गया।

कार्यपालक निदेशक (भूमि प्रबंधन) के रूप में, श्री गुप्ता भाविप्रा भूमि का सफलतापूर्वक प्रबंधन कर रहे थे, जिसमें अखिल भारतीय आधार पर 1000 से अधिक पट्टों के लिए लीज़ प्रशासन प्रणाली का कार्यान्वयन शामिल था, जिससे केंद्रीकृत बिलिंग, प्रबंधन और बकाया राशि की वसूली हुई। भूमि विवाद मामलों के एक बारगी निपटान और पट्टा समझौतों के मानकीकरण के लिए समझौता सलाहकार समिति के गठन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण

थी। श्री गुप्ता ने ' आत्मनिर्भर भारत ' पहल के एक भाग के रूप में एमआरओ और उड़ान प्रशिक्षण (एफटीओ) नीति के विकास और कार्यान्वयन में भी योगदान दिया।

क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) के कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री गुप्ता प्रस्तावित जलीय एयरोड्रोम/स्थानों सहित छोटे और दूरस्थ हवाई अड्डों के लिए आम जनता को किफायती दरों पर हवाई संपर्कता प्रदान करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के साथ आरसीएस-उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) को लागू करने के लिए उत्तरदायी थे।

सदस्य (योजना) के रूप में, श्री गुप्ता हवाईअड्डा अवसंरचना के आधुनिकीकरण और विकास के लिए ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए योजनाएं तैयार करने और लक्ष्य निर्धारित करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

निगमित संचार विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011 - 20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 13/2024-25